अनुस्मारक-पत्र

संख्या:142/2026/621पू.वि.नि./35-1-2026/35-1099/122/2026

प्रेषक,

अनिल कुमार सिंह,
विशेष सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

जिलाधिकारी,
(प्रयागराज, कौशाम्बी, फतेहपुर, प्रतापगढ़, अयोध्या, बाराबंकी, सुलतानपुर, अम्बेडकरनगर, अमेठी, गोरखपुर, कुशीनगर, महराजगंज, देवरिया, वाराणसी, चन्दौली, जौनपुर, गाजीपुर, आजमगढ़, मऊ, बलिया, मीरजापुर, संत रविदास नगर (भदोही), सोनभद्र, बस्ती, सिद्धार्थनगर, संतकबीरनगर, गोण्डा, बहराइच, बलरामपुर, श्रावस्ती, झांसी, जालौन, ललितपुर, बांदा, चित्रकूट, महोबा तथा हमीरपुर)

नियोजन अनुभाग-1 लखनऊ दिनांक: 07 सितम्बर, 2026

विषयः संतुलित क्षेत्रीय विकास (पूर्वांचल/बुन्देलखण्ड) निधि राज्यांश के अन्तर्गत कार्ययोजना उपलब्ध कराए जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

कृपया नियोजन अनुभाग-1 के पत्र सं0-135/2026/571पू0वि0नि0/35-1-2026/35-1099/122/2026 दिनांक 11 अगस्त, 2026 का संदर्भ ग्रहण करें, जिसके द्वारा संतुलित क्षेत्रीय विकास विकास (पूर्वांचल/ बुन्देलखण्ड) निधि के राज्यांश के अन्तर्गत प्रस्ताव सहित जनपदीय कार्ययोजना 10 कार्यदिवस में उपलब्ध कराए जाने का अनुरोध किया गया है, उक्त कार्ययोजना अभी तक नियोजन विभाग को अप्राप्त है।

2. अतः इस सम्बन्ध में मुझे पुनः यह कहने का निदेश हुआ है कि संतुलित क्षेत्रीय विकास (पूर्वांचल/ बुन्देलखण्ड) निधि के राज्यांश के अन्तर्गत प्रस्ताव सहित कार्ययोजना अतिशीघ्र उपलब्ध कराने का कष्ट करें। कार्ययोजना निर्धारित प्रारूप पर UNICODE मंगल फांट में MS-word के साथ ही कार्यों के आगणन हार्ड कापी में तथा स्कैन्ड कापी पीडीएफ में (साइज अधिकतम 20 MB) PEN-DRIVE में नियोजन विभाग को उपलब्ध कराये जाने हेतु सम्बंधित को निर्देशित करने का कष्ट करें।

भवदीय,
अनिल कुमार सिंह
विशेष सचिव।

संख्या:142/2026/621पू.वि.नि.(1)/35-1-2026/35-1099/122/2026 तददिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः-

1. अपर मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव/सचिव/विशेष सचिव, मा0 मुख्यमंत्री जी, उ0प्र0।
2. आयुक्त, प्रयागराज, वाराणसी, विन्ध्याचल, आजमगढ़, गोरखपुर, देवीपाटन, अयोध्या, बस्ती, झांसी एवं चित्रकूट धाम मण्डल।
3. निजी सचिव, प्रमुख सचिव/सचिव/विशेष सचिव, नियोजन विभाग।
4. समस्त मुख्य विकास अधिकारी, सम्बन्धित जनपद।
5. सम्बन्धित मण्डलीय उपनिदेशक, अर्थ एवं संख्या।
6. सम्बन्धित जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी।
7. गार्ड फाईल।

आज्ञा से,
राजेन्द्र प्रसाद
संयुक्त सचिव।